संख्या-192/2025/1994(2)/सैंतीस-2-2025-5(2)/2018टी0सी0

प्रेषक,

देवेन्द्र कुमार पाण्डेय,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
प्रशासन एवं विकास,
पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश।

पशुधन अनुभाग-2 लखनऊ :: दिनांक- दिसम्बर, 2025

विषयः- **चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में गो संरक्षण केन्द्रों की स्थापना योजना के अन्तर्गत प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष वित्तीय स्वीकृति।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-3085/सा.-2/बारह-619(भाग-4)/2025-26, दिनांक-02.12.2025 एवं पत्र संख्या-4021/सा.-2/बारह-619(भाग-4)/2025-26, दिनांक-05.12.2025 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुदान संख्या 15 के अधीन लेखाशीर्षक 4403-पशुपालन पर पूंजीगत परिव्यय-800-अन्य व्यय-04-गो-संरक्षण केन्द्रों की स्थापना-24-वृहद निर्माण कार्य के अन्तर्गत प्राविधानित बजट के सापेक्ष संलग्न विवरणानुसार 35 नीवन गो-संरक्षण केन्द्रों के निर्माण हेतु रू0 160.12 लाख की दर से कुल रू0 5604.20 लाख (छप्पन करोड़ चार लाख बीस हजार मात्र) की वित्तीय स्वीकृति अधोलिखित प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते हैः-

<u>नियम व शर्त/प्रतिबन्धों</u>

1. प्रश्नगत गो-संरक्षण केन्द्रों हेतु निर्गत की गयी धनराशियों के नियम संगत व्यय, व्यय विवरण/उपयोगिता प्रमाणपत्र तथा भौतिक प्रगति तथा गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने का दायित्व निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग का होगा।
2. स्वीकृत की जा रही धनराशि निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग द्वारा आहरित कर सीधे सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करायी जायेगी।
3. स्वीकृत की जा रही धनराशि से वृहद् गो-संरक्षण केन्द्र का निर्माण कार्य ससमय पूर्ण कराने एवं केन्द्र के अग्रेतर संचालन की पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित जिलाधिकारी की होगी।
4. स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय/उपयोग योजना के मार्गदर्शक सिद्धान्तों (गाइडलाइन्स) के अनुरूप करते हुए व्यय विवरण सहित उपयोगिता प्रमाणपत्र शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।
5. निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग स्वीकृति धनराशि का व्यय करने से पूर्व यह सुनिश्चित करेंगे कि उक्त प्रयोजन हेतु पूर्व में किसी अन्य योजना/स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है अर्थात् प्रस्तावित कार्यों की वर्तमान तथा भविष्य में अन्य योजनाओं में पुनरावृत्ति/द्विरावृत्ति न हो।
6. स्वीकृत धनराशि का आहरण/व्यय करने से पूर्व प्रश्नगत निर्माण कार्य हेतु उपयुक्त भूमि की निर्विवाद रूप से उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जायेगी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

7. जिन मामलों में उ0प्र0 बजट मैनुअल और फाइनेन्शियल हैण्डबुक के नियमों तथा अन्य स्थायी आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार/केन्द्र सरकार अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति प्राप्त की जानी आवश्यक हो, उन मामलों में क्रय करने से पूर्व ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाये।

8. प्रस्ताव में ऑकडो की शुद्वता का दायित्व निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग का होगा।

9. स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय उसी प्रयोजन हेतु किया जायेगा जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है।

10. स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय निर्माण संबंधी संगत शासनादेशों में निहित व्यवस्थानुसार/निर्धारित मानकों के अधीन किया जायेगा।

11. स्वीकृत की जा रही धनराशि को आहरित कर यदि किसी ऐसे खाते में जमा किया जाता है जिस पर ब्याज अर्जित होता है, तो अर्जित ब्याज को निर्धारित लेखाशीर्ष में जमा कराने का दायित्व निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग का होगा।

12. कार्यदायी संस्था द्वारा लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित विशिष्टियों एवं मानक के अनुसार गुणवत्ता पूर्ण कार्य सम्पादित कराया जायेगा। निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार हो तथा उसकी गुणवत्ता उत्कृष्ट कोटि की हो, इसकी पूर्ण जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था/निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग की होगी तथा समय-समय पर स्थलीय अनुश्रवण कर कार्य की गुणवत्ता एवं कार्य निर्धारित समय में पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

13. नियमानुसार अनुमोदित सीमा तक ही सैंटेज चार्ज दिये जाने का दायित्व निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग का होगा।

14. प्रायोजना में सम्मिलित उपकरणों आदि का क्रय सुसंगत क्रय नियमों/स्टोर पर्चेज रूल्स/यथावश्यकता जेम पोर्टल के अन्तर्गत/माध्यम से किया जायेगा।

15. स्वीकृत की जा रही धनराशि के सम्बन्ध में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनांक-27.03.2025 एवं समय-समय पर निर्गत शासनादेशों में दिये गये दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय रूपये रू0 56,04,20,000.00 (छप्पन करोड़ चार लाख बीस हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-15 लेखा शीर्षक 4403008000400 गो-संरक्षण केन्द्रों की स्थापना मानक मद 24 वृहद निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनांक 27 मार्च, 2025 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

संलग्नक-यथोपरि।

भवदीय,

(देवेन्द्र कुमार पाण्डेय)
विशेष सचिव।

पृ0सं0- 192/2025/1944(3)/सैंतीस-2-2025-5(2)/2018टी0सी0, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)/(लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0, प्रयागराज।
3- निदेशक, वित्तीय सांख्यिकी निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त नियंत्रक/संयुक्त निदेशक (नियोजन), पशुपालन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
5- सम्बन्धित जिलाधिकारी एवं सम्बन्धित मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी।
6- सम्बन्धित कार्यदायी संस्था ।
7- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनु0-1/नियोजन अनु0-3/वित्त (आय-व्ययक) अनु0-2/गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(रवीन्द्र प्रताप सिंह)
उप सचिव।

शासनादेश संख्या- 192 /2025/1944(2)/सैंतीस-2-2025-5(2)/2018टी0सी0 दिनांक- दिसम्बर, 2025 का संलग्नक-

गौ-संरक्षण केन्द्रों की स्थापना (रा0यो0) (वित्तीय वर्ष 2025-26)

क्र0	मण्डल	जनपद	केन्द्र का विवरण	स्वीकृत धनराशि (लाख में)
1	बरेली	शाहजहाँपुर	ग्राम-मुडीगवां, तहसील-सदर।	160.12
2	बरेली	शाहजहाँपुर	ग्राम-रावतपुर, तहसील-जलालाबाद।	160.12
3	बरेली	शाहजहाँपुर	ग्राम-खुलौली, तहसील-सदर।	160.12
4	बरेली	शाहजहाँपुर	ग्राम-धरनी धरपुर, तहसील-सदर।	160.12
5	बरेली	शाहजहाँपुर	ग्राम-दसिया, तहसील-कलांन।	160.12
6	अयोध्या	अयोध्या	ग्राम-मऊ, तहसील-बीकापुर।	160.12
7	अयोध्या	अमेठी	ग्राम-दक्खिनगांव-2, विकास खण्ड-शाहगढ़।	160.12
8	अयोध्या	अमेठी	ग्राम-कठौरा-2,विकास खण्ड-जगदीश पुर।	160.12
9	अयोध्या	बाराबंकी	ग्राम-भिटौलीखास-2,विकास खण्ड-सूरतगंज।	160.12
10	गोरखपुर	देवरिया	ग्राम-सेमारी-2,विकास खण्ड-पथरदेवा।	160.12
11	गोरखपुर	देवरिया	ग्राम-सेमारी-3,विकास खण्ड-पथरदेवा।	160.12
12	गोरखपुर	गोरखपुर	ग्राम-गाजे गडहा-2, विकास खण्ड-गोला।	160.12
13	गोरखपुर	गोरखपुर	ग्राम-हरिहरपुर-2, विकास खण्ड-खजनी।	160.12
14	मेरठ	हापुड़	ग्राम-शेखपुर खिचरा-3, विकास खण्ड-धौलाना।	160.12
15	मेरठ	बुलन्दशहर	ग्राम-कोन्दू-3, विकास खण्ड-सिकन्द्राबाद।	160.12
16	लखनऊ	हरदोई	ग्राम-तेन्दुआ-2, विकास खण्ड-मल्लावां।	160.12

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

17	लखनऊ	हरदोई	ग्राम-भाहपुर सपहा-2, विकास खण्ड- भरखनी।	160.12
18	लखनऊ	हरदोई	ग्राम-बालामऊ-2, विकास खण्ड-कछौना।	160.12
19	लखनऊ	हरदोई	ग्राम-गुजराई, तहसील-बिलग्राम।	160.12
20	लखनऊ	हरदोई	ग्राम-मदारपुर खुर्द, तहसील-माधौगंज।	160.12
21	लखनऊ	रायबरेली	ग्राम-विनायकपुर-2, विकास खण्ड-बछरावां।	160.12
22	लखनऊ	रायबरेली	ग्राम-बन्नावा-2, विकास खण्ड-बछरावां।	160.12
23	लखनऊ	सीतापुर	ग्राम-रायसेनपुर-2, विकास खण्ड-रामपुर मथुरा।	160.12
24	लखनऊ	सीतापुर	ग्राम-पारा-2, विकास खण्ड-ऐलिया।	160.12
25	लखनऊ	सीतापुर	ग्राम-पारा प्रथम, तहसील-सदर।	160.12
26	लखनऊ	सीतापुर	ग्राम-पारा द्वितीय, तहसील-सदर।	160.12
27	आगरा	मथुरा	ग्राम-बढ़ौता-7, विकास खण्ड-मथुरा।	160.12
28	आगरा	मथुरा	ग्राम-बढ़ौता-8, विकास खण्ड-मथुरा।	160.12
29	देवीपाटन	बहराइच	ग्राम-झाला तरहर-2, विकास खण्ड-पयागपुर।	160.12
30	देवीपाटन	बहराइच	ग्राम-झाला तरहर-3, विकास खण्ड-पयागपुर।	160.12
31	देवीपाटन	बहराइच	ग्राम-सेमरहना-2, विकास खण्ड-मिंहीपुरवा।	160.12
32	झांसी	झांसी	ग्राम-सुकवा-2, विकास खण्ड-बबीना।	160.12
33	झांसी	ललितपुर	ग्राम-भौरसिल-2, ग्राम सभा-लखनपुरा, विकास खण्ड-जखौरा।	160.12
34	झांसी	ललितपुर	ग्राम-पिपरिया-2, विकास खण्ड- मंडावरा।	160.12
35	झांसी	जालौन	ग्राम-न्यामतपुर, तहसील-कालपी।	160.12
			कुल योग-	**5604.20**

(छप्पन करोड़ चार लाख बीस हजार मात्र)

(रवीन्द्र प्रताप सिंह)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।